हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 5 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 जन्माष्टमी पर रिमझिम बारिश के बीच निकली भव्य...



07 हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की... के ...



खबर संक्षेप

वार्ड 26 में उपचुनाव मतदान 29 को होगा

विदिशा। वार्ड नंबर 26 में पार्षद पद के उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। भाजपा पार्षद लीलाधर कुशवाह के निधन के बाद यह पद रिक्त हुआ था। वार्ड पार्षद पद के उपचुनाव के लिए 8 सितंबर से नामांकन दाखिल किए जाएंगे, जबकि 29 सितंबर को मतदान होगा। इसी तरह पंचायतों में रिक्त हुए पंच सरपंच सहित सभी पदों पर होने वाले उपचुनाव का भी कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

ग्राम माला में जुआ फड़ पर दबिश, 3 गिरफ्तार

विदिशा। जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कुरवाई पुलिस ने ग्राम माला में जुए के फड़ पर दबिश देकर तीन आरोपियों को दबोचा। पुलिस ने मौके से 10 हजार 170 रुपए नगद और ताश के पत्ते जब्त किए। 2 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम माला में दामोदर शर्मा के खेत में कुछ लोग ताश के पत्तों से रुपयों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में महेश राजपूत (31), शेरु खान (32) और राघु (40) शामिल हैं। कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एएसपी मोनिका तिवारी एवं एसडीओपी रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुरवाई के नेतृत्व में की गई।

डैम का जलस्तर बढ़ा गेट खोलने की तैयारी

विदिशा। बड़े तालाब स्थित भदभदा डैम का जलस्तर शुक्रवार 4 सितंबर की शाम 7 बजे 1666.80 फीट (एफटीएल) दर्ज किया गया। वहीं कोलांस नदी का जलस्तर 5.50 फीट रहा। 30 जून से बड़े तालाब के जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है और अब तक करीब 8 फीट की बढ़ोतरी हो चुकी है। जलस्तर पूर्ण टैंक लेवल (एफटीएल) पर पहुंचने के बाद भदभदा डैम के गेट खोलने की आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। संबंधित अधिकारियों को गेट खोलने से पहले सभी जरूरी तैयारियां पूरी करने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

दुकान से सिगरेट चोरी का आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास दुकान से सिगरेट की डिब्बियां चोरी के मामले का खुलासा करते हुए 18 वर्षीय आरोपी भूरा उर्फ राज वंशकार निवासी करैयाखेड़ा रोड को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की 12 सिगरेट डिब्बियां और 240 रुपए नगदी बरामद किए। फरियादी ओंकार प्रसाद पाठक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर पूछताछ के बाद बरामदगी की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी आनंद राज सहित पुलिसकर्मियों की भूमिका रही।

114 लीटर शराब और 2 किलो गांजा बरामद

विदिशा। अवैध शराब, मादक पदार्थ और हथियारों के खिलाफ विदिशा पुलिस ने देर रात विशेष अभियान चलाकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। सिविल लाइन पुलिस ने 2-3 सितंबर की दरमियानी रात क्षेत्र में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए। माला कुचबंदिया से 308 क्वार्टर और दिलीप कुचबंदिया से 325 क्वार्टर देशी प्लेन शराब जब्त की गई। कुल 633 क्वार्टर यानी करीब 113.94 लीटर शराब बरामद हुई। वहीं बलराम कुचबंदिया के कब्जे से 2 किलो 80 ग्राम गांजा तथा सोनू कुचबंदिया से एक तलवार बरामद की गई। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

यादव समाज ने निकाला भव्य चल समारोह

शोभायात्रा में बरसते पानी में भी उत्साह भारी रहा

विदिशा। शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरे शहर में उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यादव समाज की ओर से शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया। समारोह में बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल हुए। शोभायात्रा में शामिल युवा भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। चल समारोह की शुरुआत श्रीराधाकृष्ण मंदिर माधवगंज से हुई। इसके बाद जुलूस माधवगंज मेन मार्केट, तिलक चौक, बड़ा बाजार और बजरिया होते हुए रामलीला चौराहे तक निकाला गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए और जगह-जगह चल समारोह का स्वागत किया। जन्माष्टमी के अवसर पर शहर में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।



विदिशा। शोभायात्रा में राधा कृष्ण के भेष में कलाकारों ने किया नृत्य।



विदिशा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में यादव समाज के पदाधिकारी शामिल हुए।

डीजे वाहनों का रजिस्ट्रेशन, मार्किंग, नंबरिंग करने के साथ कराया जाएगा नियमों का पालन

डीजे पर सख्ती, 4 से ज्यादा बॉक्स नहीं लगा सकेंगे, हर वाहन की होगी मार्किंग-नंबरिंग

- थाना प्रभारियों के माध्यम से डीजे संचालकों को नोटिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर में तेज आवाज में डीजे बजाने पर अब पुलिस-प्रशासन सख्ती करेगा। कोतवाली थाने में डीजे संचालकों की बैठक लेकर अधिकारियों ने तय डेसिबल सीमा में ही साउंड सिस्टम चलाने के निर्देश दिए। बिना अनुमति डीजे बजाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।



विदिशा। डीजे संचालकों के साथ बैठक कर अधिकारियों ने निर्देश जारी कर उनका पालन करने के लिए कहा।

सभी डीजे वाहनों का होगा रजिस्ट्रेशन

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हुई बैठक में एएसपी, एसडीएम, सिविल लाइन थाना प्रभारी, कोतवाली थाना प्रभारी और शहर के डीजे संचालक शामिल हुए। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि एसडीएम ने इसके लिए समिति गठित की है। थाना प्रभारियों के माध्यम से डीजे संचालकों को नोटिस भी दिए गए हैं। डीजे वाहनों के रजिस्ट्रेशन के लिए एक निर्धारित प्रोफार्मा तैयार किया गया है। नियमों के तहत एक वाहन में चार से ज्यादा साउंड बॉक्स लगाने की अनुमति नहीं होगी। सभी वाहनों की मार्किंग और नंबरिंग की जाएगी, जिससे उनकी पहचान आसानी से हो सके। दूसरे शहरों से आने वाले डीजे संचालकों को भी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। प्रशासन द्वारा तय मानकों को पूरा करने के बाद ही डीजे संचालन की अनुमति दी जाएगी। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति या निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विगत दिनों निकले जुलूस के दौरान अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजने के बाद यह निर्देश जारी किए गए हैं।

तेज आवाज की शिकायतों के बाद लिया फैसला

शहर में तेज आवाज और ध्वनि प्रदूषण को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। बाजार और आसपास के इलाकों में तेज डीजे से लोगों को परेशानी हो रही थी। व्यापार महासंघ ने भी नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालकों पर कार्रवाई की मांग प्रशासन से की थी। दरअसल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद पुलिस-प्रशासन ने पहले भी ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ कार्रवाई की थी। कुछ समय बाद स्थिति फिर सामान्य हो गई और तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायतें सामने आने लगीं। अब प्रशासन ने डीजे वाहनों का रजिस्ट्रेशन, मार्किंग और नंबरिंग करने के साथ नियमों का पालन सुनिश्चित करने की तैयारी की है। शहर में केवल अनुमति और निर्धारित मानकों के तहत संचालित डीजे को ही चलने दिया जाएगा।

4 आरोपियों से 25 लीटर जहरीली शराब जब्त की

ब्राउन शुगर के अवशेष लगा तौल कांटा भी जब्त

- आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 25 लीटर कच्ची जहरीली शराब और ब्राउन शुगर के अवशेष लगा एक तौल कांटा जब्त किया है। पुलिस ने शहर के अलग-अलग इलाकों में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। चारों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग मामलों में कार्रवाई कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

आरोपियों को भेजा जेल

पुलिस के मुताबिक चारों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी व नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

दो अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने की कार्रवाई

थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए करैयाखेड़ा रोड निवासी अनिल लोधी (25) को 10 लीटर कच्ची जहरीली शराब के साथ पकड़ा। इसी तरह मोहन अहिरवार (23) के पास से 15 लीटर कच्ची जहरीली शराब जब्त की गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने ब्राउन शुगर के मामले में फरार चल रहे करैयाखेड़ा रोड निवासी गोविंद उर्फ मॉडल (32) को भी गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से ब्राउन शुगर के अवशेष लगा एक तोल कांटा मिला है। इसके अलावा बरईपुरा निवासी राहुल यादव (34) को भी एनडीपीएस एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

खुश रहकर कार्य करेंगे तो दूसरों को भी खुशी दे सकेंगे: न्यायाधीश शेख सलीम

न्यायालय में 'स्वर्णिम भारत के निर्माण में न्यायविदों की भूमिका' विषय पर कार्यक्रम, 18 न्यायाधीश और 80 अधिवक्ता हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मुखर्जीनगर द्वारा जिला न्यायालय में 'स्वर्णिम भारत के निर्माण में न्यायविदों की भूमिका' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 18 न्यायाधीशों सहित करीब 80 अधिवक्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने कहा कि खुश रहकर हम कार्य करेंगे तो दूसरों को भी खुशी दे सकेंगे। खुशियां जीवन के लिए आवश्यक




हैं, जिससे शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज का लक्ष्य 'स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन' है। न्यायविद समाज में परिवर्तन के महत्वपूर्ण आधार स्तंभ हैं, क्योंकि वे कानून के रक्षक हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को संचालित करता है, जबकि मूल्य व्यक्ति की आंतरिक अवस्था को बदलते हैं। नॉलेज वकील बनाती है, लेकिन विवेक न्यायाधीश बनाता है। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि न्यायाधीश का एक निर्णय किसी की जिंदगी संवार सकता है तो बिगाड़ भी सकता है, इसलिए तनावमुक्त रहना जरूरी है। आध्यात्मिक मूल्यों, करुणा और नैतिकता से जुड़ा न्याय समाज को सही दिशा दे सकता है। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश गंगा चरण शर्मा, एडीजे मनोज कुमार शर्मा, एडीजे राजेश शर्मा, एडीजे कंचन सक्सेना, सीजेएम रमाकांत भरके सहित न्यायालय के सदस्य उपस्थित रहे।

पीला मोजेक व कीट व्याधि से प्रभावित खेतों में पहुंचकर किसानों को दिए बचाव के सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा गठित तकनीकी दल ने 2 सितंबर को ग्यारसपुर विकासखंड के ग्राम मढ़ी, गूलरखेड़ी, गुलाबगंज, चितरायन, संतापुर, अंडियाकला सहित अन्य गांवों में सोयाबीन फसल का निरीक्षण किया। विशेषज्ञों ने पीला मोजेक एवं विभिन्न कीट व्याधियों से प्रभावित फसलों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उपसंचालक कृषि सचिन जैन, जिला सलाहकार डॉ. डीके तिवारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल, फसल बीमा प्रतिनिधि दीपक लोधी एवं तहसीलदार गुलाबगंज अरविंद यादव ने किसानों के खेतों का भ्रमण किया। पूर्व जनपद अध्यक्ष छत्रपाल शर्मा एवं ग्राम मढ़ी के सरपंच लाखन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कृषि दल ने किसानों को रायजोक्टोनिया एरियल ब्लाइट, पीला मोजेक, सोयाबीन मोजेक, तंबाकू की इल्ली, एंथ्रेक्नोज एवं सेमीलूपर इल्ली की पहचान और नियंत्रण के उपाय बताए। पीला मोजेक के लक्षण दिखाई देने पर रोगग्रस्त पौधों को प्रारंभिक अवस्था में उखाड़कर खेत से बाहर करने तथा सफेद मक्खी एवं एफिड जैसे वाहकों के नियंत्रण की सलाह दी गई। सफेद मक्खी की रोकथाम के लिए खेतों में पीले स्टिकी ट्रैप लगाने को भी कहा गया। दल ने किसानों को अनुशंसित फफूंदनाशक एवं कीटनाशकों का उपयोग कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार करने की समझाइश दी, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके।



विदिशा। खेतों में पहुंचकर कृषि विभाग के अधिकारियों ने लिया जायजा।

कुरवाई की 20 गौशालाओं को 4.22 करोड़ रुपए की सहायता

17 शासकीय और 3 अशासकीय गौशालाओं को मिली राशि, गौवंश के चारा-पानी व देखभाल पर होगा खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- 3 अशासकीय गौशालाएं को भी जारी की गई सहायता।

कुरवाई विकासखंड में निराश्रित और बेसहारा गौवंश के भरण-पोषण एवं बेहतर देखभाल के लिए 20 गौशालाओं को पंजीयन प्रारंभ होने से मार्च 2026 तक कुल 4 करोड़ 22 लाख 55 हजार 960 रुपए की राशि जारी की गई है। इसमें 17 शासकीय और 3 अशासकीय गौशालाएं शामिल हैं।

गौ संवर्धन बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह राशि 20 ग्राम पंचायतों की गौशालाओं को दी गई है। इसका उपयोग गौवंश के लिए चारा, भूसा और दाना उपलब्ध कराने के साथ पानी, शेड तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के रखरखाव में किया जा रहा है। शासकीय गौशालाओं में सबसे अधिक राशि बरखेड़ा लायरा की कामधेनु गौशाला को 35.87 लाख, रूसिया की श्रीकृष्ण गौशाला को 32.48 लाख, भौंरासा की गोपाल गौशाला समिति को 31.85 लाख तथा मेहलुआ की गोपाल गौशाला समिति को 31.18 लाख रुपए जारी किए गए हैं। वहीं अशासकीय गौशालाओं में भौंरासा की गौसंरक्षण सेवा समिति को 29.49 लाख, सत्ताखेड़ी की डॉ. लोहिया वृद्धाश्रम को 13.49 लाख और बढ़ोह की उन्नतशील गौशाला को 1.12 लाख रुपये मिले हैं। इससे गौवंश के लिए नियमित आहार और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

बालिका शिक्षा से लेकर स्वच्छ विद्यालय तक के प्रयासों ने दिलाए कई सम्मान

चॉक-डस्ट से सम्मान तक, शिक्षक संतोष सुमन की कहानी, जिन्होंने स्कूल को दिलाया राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी

लटेरी के शिक्षक संतोष कुमार सुमन जिन्होंने वर्ष 1994-95 में शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा। उनके प्रयासों का परिणाम यह रहा कि जिस शासकीय प्राथमिक शाला ताजपुर की उन्होंने जिम्मेदारी संभाली, उसे स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार-2017 के लिए चुना गया।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार-2017 के लिए शासकीय प्राथमिक शाला ताजपुर का चयन किया गया था। 26 जनवरी 2018 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित विदिशा सम्मान समारोह में शाला प्रभारी संतोष कुमार सुमन को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

'आचार्य सम्मान' ने बढ़ाया गौरव

वर्ष 2007 में राज्य स्तरीय 'आचार्य सम्मान-2007' के लिए भी संतोष कुमार सुमन का चयन हुआ। इसके अलावा वे वर्ष 2004-05 से 2010-11 तक जनशिक्षक केंद्र प्रभारी तथा सितंबर 2011 से फरवरी 2012 तक जनशिक्षक के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। वर्ष 2010-11 में सर्व शिक्षा अभियान के तहत उत्कृष्ट शाला के रूप में ताजपुर प्राथमिक शाला का चयन हुआ, जिसके लिए सुमन को पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

बालिका शिक्षा से शुरू हुआ सिलसिला

सुमन की उपलब्धियों की कहानी इससे कहीं पहले शुरू हो चुकी थी। वर्ष 2005 में साक्षरता अभियान के अंतर्गत बालिका शिक्षा के लिए उत्कृष्ट शाला के रूप में उनकी शाला का चयन हुआ। इसके बाद वर्ष 2006 में राज्य शिक्षा केंद्र एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित लर्निंग गारंटी स्कूल कार्यक्रम में उन्होंने दक्षता आधारित मूल्यांकन के लिए मास्टर ट्रेनर एवं मूल्यांकनकर्ता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्य के लिए उन्हें प्रशंसा पत्र और पुरस्कार भी मिला।



खबर संक्षेप

मटकी फोड़ने वाले को मिलेगा इनाम

गंजबासौदा। मां वैष्णो देवी सेवा समिति के तत्वावधान में 5 सितंबर को बनवा जागीर, पचमा रोड पर भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।
प्रतियोगिता में मटकी की ऊंचाई 22 फीट रखी गई है। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 11,000 रुपए की इनाम राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता को लेकर समिति द्वारा तैयारियां पूरी की जा रही हैं। आसपास के गांवों एवं क्षेत्रों से बड़ी संख्या में टीमों के पहुंचने की संभावना है। समिति ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है।

युवक ने घर में घुसकर परिजनों पर किया हमला

गंज बासौदा। सिटी सेंटर वार्ड नंबर 15 निवासी अनीता मनोज गुप्ता ने देहात थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दोपहर के समय नवांकुर गली निवासी दीपक रघुवंशी घर के अंदर आया और मेरे एवं मेरे पति मनोज गुप्ता के साथ मारपीट कर दी। देहात थाना पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं 333, 296(b), 351(3), 115(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

यातायात व्यवस्था में किया डायवर्सन

गंज बासौदा। यातायात पुलिस द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के चलते यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से लोडिंग ऑटो, छोटे ऑटो एवं कारों का डायवर्सन लागू किया गया। जिसके चलते जय स्तंभ चौक से सिरोंज चौराहा की ओर जाने वाले लोडिंग ऑटो, छोटे ऑटो एवं कारें सिंधी कॉलोनी चौराहा, पचमा तिराहा होकर एवं बस स्टैंड से तिरंगा चौक होकर निकाली गईं। सिरोंज चौराहा से जय स्तंभ की ओर आने वाले लोडिंग ऑटो, छोटे ऑटो एवं कारें बस स्टैंड -तिरंगा चौक होकर एवं राजेंद्र नगर पांचवा सिंधी चौराहा होकर निकाली जाती रहीं।

निशुल्क नेत्र शिविर में 178 मरीजों की हुई जांच

गंजबासौदा। गत दिवस स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु नेत्र चिकित्सक डॉ.अंकुश पाल ने ग्राम उदयपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में नेत्र शिविर लगाया। शिविर में 178 से अधिक नेत्र रोगियों की जांच हुई। मरीजों को नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि जांच के दौरान 39 मरीजों में मोतियाबिंद चिन्हित हुआ। 89 मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गईं। 17 मरीजों को चश्मे वितरित किए गए। 33 मरीजों के चश्मे के नंबर निकालकर दिए गए। शिविर स्व. विजय राय माथुर, पूर्व सरपंच उदयपुर की 15वीं पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ। आयोजन में विमलेश माथुर, अजय माथुर, गौरव राय, अभिषेक राय, उमंग राय का सहयोग रहा। इस मौके पर बताया गया कि अब ग्रामीण क्षेत्र में भी शिविर लगाए जाएंगे।

तीन दिनों से लगी बारिश की झड़ी, बढ़ने लगा जलस्तर

गंजहरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





इलाके में एक बार फिर से मानसून सक्रिय हो गया है। जिसके चलते विगत तीन दिनों से लगातार रुक रुक कर बारिश का दौर जारी है। लगातार बारिश होने से पाराशरी नदी सहित आसपास की नदियों एवं नालों के जल स्तर में बढ़ोत्तरी हुई है। तथा सड़कें पानी से भर गई हैं। वहीं मौसम में ठण्डक घुल गई। शुक्रवार को भी दिन भर आसमान में बादल छाए रहे और लगातार रिमझिम बारिश होती रही। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश से किसानों को राहत मिली है। समाचार लिखे जाने तक रात्रि के समय बारिश का दौर जारी रहा।
यहां उल्लेखनीय है कि गत दिवस रह रह कर बारिश होने के बाद रात में भी बारिश का दौर चलता रहा। जिससे शुक्रवार की सुबह इलाके में 8.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस बारिश को मिलाकर इलाके में अभी तक 812.2 मिमी पानी बरस चुका है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में 926 मिमी पानी बरस चुका था। इस लिहाज से इस वर्ष अपेक्षाकृत कम बारिश हुई है।
उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने भी अभी रविवार तक बारिश का दौर जारी रहने और सोमवार से आगामी गुरूवार तक मौसम खुला रहने के संकेत दिए हैं। इसके बाद आगामी शुक्रवार से फिर इलाके में बरसात का दौर शुरू होने के संकेत हैं।

भदभदा डेम के गेट खुले, बेतवा किनारे बढाई सतर्कता और सुरक्षा

गंजबासौदा। उधर लगातार हो रही बारिश से नदी नालों एवं जलाशयों का भी जलस्तर बढ गया है और भोपाल के बडे तालाब का भी जलस्तर बढ जाने और शुक्रवार की शाम 6 बजे तक तालाब का जलस्तर पूर्ण भराव क्षमता तक पहुंचने से भदभदा डेम के गेट खोले जा रहे हैं। जिससे बेतवा सहित अन्य नदियों का जलस्तर बढेगा। इस संबंध में प्रशासन ने बेतवा नदी के आसपास के क्षेत्र में सतर्कता बढा दी है। साथ ही लोगों को भी नदी के आसपास न जाने, नदी के तेज बहाव में प्रवेश या स्नान न करने, बच्चों एवं बुजुर्गों को नदी घाटों के आसपास न जाने देने, प्रशासन द्वारा लगाए गए बैरिकेट्स एवं चेतावनी संकेतों का पालन करने, जलस्तर बढने की स्थिति में प्रशासन को तुरंत सूचित करने और सुरक्षित स्थान पर पहुंचने, किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता लेने की समझाइश और निर्देश दिए हैं। साथ ही कलेक्टर द्वारा स्थानीय प्रशासन को भी पूरी सतर्कता एवं सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। ताकि बेतवा नदी का जलस्तर बढने पर कोई आपात स्थिति का सामना न करना पडे। इस बरसात के सीजन में यह पहली बार है जब भदभदा डेम के गेट खोले जा रहे हैं।

नन्हे मुन्हे बच्चों ने राधा-कृष्ण के रुप में बिखेरी अनोखी छटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

स्कॉलर पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर को सुंदर फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। उत्सव का मुख्य आकर्षण नन्हें बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और कक्षा 2 के छात्रों द्वारा मनमोहक नाटक की प्रस्तुति रही। इसके बाद नर्सरी से लेकर कक्षा 1 तक के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नर्सरी कक्षा से पृथ्वीराज पणिक्कर, हृदयांश रघुवंशी, कवि पंथी और आर्यन सोनी ने बाल कृष्ण का रूप धरा, वहीं सिमरन, विधि, शानवी, कृतिका, शांभवी, हिबा, अनाया और वैष्णवी ने राधा रानी के रूप में सबका मन मोह लिया। एलकेजी से हार्दिक पंथी कृष्ण बने और परी, मनीषा, वामिका, जानवी, मानवी व काव्या ने राधा जी का रूप धारण किया। यूकेजी कक्षा से श्रेयांश गौड़, ऐश्वर्या, पुष्यमित्र, वेदांत, हिमांशु, नमन, मुक्तिक और वंशराज ने कान्हा के बाल रूपों को जीवंत किया, जबकि अहाना, आन्या, नैंसी, मिष्टी और काव्या ने राधा के रूप में सुंदर प्रस्तुति दी। कक्षा 1 से हर्षित शर्मा, लक्ष्य साहू, चिराग कुर्मी कृष्ण के रूप में और समृद्धि, काव्या, शिवी, मायरा व प्रांशी राधा के रूप में नजर आईं। इसके साथ ही कक्षा 2 के विद्यार्थियों भविष्य यादव, समृद्धि दांगी, रुद्र नरवरिया, मनिका शिल्पकार, मृदुल शर्मा, ओम रघुवंशी और शिवया राजपूत ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित एक बेहद सुंदर और भावपूर्ण नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य अर्शी पाणिकर, प्रियंका माथुर, कीर्ति जैन, नंदिनी सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। मंच संचालन महक शर्मा, संगीत व्यवस्था कोही निंबालकर, फोटोग्राफी राधिका रघुवंशी, श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित नाटक वर्षा तोमर ने तैयार करवाया।

जगह-जगह फोड़ी गई मटकियां, स्वागत के लिए लगाए गए स्टॉल

जन्माष्टमी पर रिमझिम बारिश के बीच निकली भव्य शोभायात्रा









हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं विश्व हिन्दु परिषद के स्थापना दिवस के मौके पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बारिश के बीच भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति और विश्व हिंदू परिषद ने शोभायात्रा का आयोजन किया। रिमझिम बारिश के बीच शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड रही और जगह जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मटकी फोड प्रतियोगिता भी हुई।
शोभायात्रा गांधी चौक स्थित श्री राम जानकी मंदिर से शुरू होकर सावरकर चौक, हनुमान चौक, जयस्तंभ चौक, अंबेडकर चौक, सुभाष चौक, नेहरु चौक होते हुए रेल्वे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। जहां विधिवत पूजन के बाद शोभायात्रा का समापन हुआ।
चल समारोह का प्रारंभ गांधी चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पर पूजन के बाद किया गया। इसके बाद सभी लोगों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। इस बार बैलों की जोड़ी ने भगवान कृष्ण के रथ को खींचा। रथ के सारथी खादी ग्रामोद्योग के उपाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन रहे। रथ के आगे आकर्षक झांकियां चल रही थीं। जिनमें बच्चे विभिन्न भगवानों की वेशभूषा में सवार थे। वहीं डीजे की धार्मिक धुनों पर युवा थिरकते हुए चल रहे थे। देशी वाद्य यंत्रों के साथ ग्रामीण भजन मंडली भी भजन गाते हुए और लहंगी एवं अन्य परंपरागत नृत्य करते हुए चल रही थीं। रथ के आगे विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंशलेखा भावसार, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली मनोज यादव, राजेश तिवारी, सुनील यादव, मनोहर यादव सहित कई जनप्रतिनिधि डमरू बजाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में विभिन्न दलों, विभिन्न धर्मों, समाजों एवं वर्गों के लोग भी बडी संख्या में शामिल रहे। शोभायात्रा में बाहर से आए कलाकारों ने राधा-कृष्ण व भोलेनाथ का स्वरुप बनाकर रास्ते भर खुले मंच पर नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। इन मनोहारी प्रस्तुतियों को देखने भारी भीड जमा रही। वहीं कई श्रद्धालु भी अपने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण और राधा के रूप में तैयार कर लाए थे। एक रथ में बडे पालने में भगवान लड्डू गोपाल की प्रतिमा को विराजमान कर आकर्षक पोषाक और जेवर, मुकट से सुंदर श्रृंगार किया गया। श्रद्धालु भगवान को झूला झुलाकर और आरती कर पूजन अर्चन करते रहे। वहीं ग्वालों की टोली डमरू बाजे पर नृत्य कला का प्रदर्शन करती रही।
नगर में पिछले तीन दिन से लगातार हो रही वर्षा के बाद भी लोगों का उत्साह देखने लायक था। जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया जा रहा था, लोग छतों से पुष्प वर्षा कर रहे थे, स्वागत द्वार भी बनाए गए थे। श्रद्धालु रथ के साथ चल रहे थे। व्यापारियों, सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह स्टाल लगाए थे। कई स्थानों पर भगवान को प्रसादी चढ़ाकर उनकी आरती भी उतारी गई। इस दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति, विहिप सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

गोविंदाओं ने फोड़ी मटकी, पाए उपहार

गंजबासौदा। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दही हांडी यानि मटकी फोडने की परंपरा पुरानी है। इस अवसर पर निकली शोभायात्रा के दौरान भी जगह जगह आयोजकों ने कई उपहारों के साथ मटकी बांधी थी। जिसे शोभायात्रा में शामिल गोविंदाओं की टीम ने पूरे उत्साह और लगन के साथ पिरामिड बनाकर फोडा और उपहार प्राप्त किए। इस अवसर पर आंबेडकर चौक पर भी परंपरानुसार बांधी गई मटकी को युवाओं ने थोडे प्रयासों के बाद फोडकर माखन मिश्री और उपहार प्राप्त किए।

विद्यावैली स्कूल में मना जन्माष्टमी का त्यौहार




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विद्या वैली स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राधा-कृष्ण के मनमोहक स्वरूप प्रस्तुत किए। नन्हे विद्यार्थियों की पारंपरिक वेशभूषा और आकर्षक रूप सज्जा ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण के पूजन एवं वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने भक्ति, संगीत, नृत्य और नाटिका की शानदार प्रस्तुतियां दीं। श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप तथा उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों पर आधारित नाटिका ने उपस्थित दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कृष्ण भजनों पर विद्यार्थियों की नृत्य प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर भक्तिमय हो उठा। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, कर्मयोग, प्रेम और सत्य के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। डायरेक्टर प्रणय जैन ने जन्माष्टमी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। पंकज जैन, सतेन्द्र राजपूत, अशोक जैन, प्राचार्य वीरेन्द्र सक्सेना ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के बाद मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हायर सेकेण्डरी स्तर के बच्चों ने जोर आजमाइश और एकजुटता का परिचय देते हुए मटकी फोड़कर माखन मिश्री और दूध दही का रसास्वादन किया। इस दौरान शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

पूर्व विधायक निशंक जैन के जन्मदिवस पर हुए सेवा कार्य

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मरीजों को बांटे फल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा


शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। सुबह के समय मां शीतला शक्तिधाम दरबार में प्रसादी का वितरण किया। तत्पश्चात शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण किया गया। इसके पश्चात गौशाला में जाकर गोग्रास वितरण किया गया। इस अवसर पर सत्य प्रकाश सेन, प्रकाश मिश्रा, सुनील बाबू पिंगले, डॉ. एके रोहिले, जगदीश व्यास, बीडी शर्मा, मंजू कुशवाहा, सरिता आर्या, आरके दुबे, पलाश जैन, सौरभ, गौरव शर्मा, अनिल पाठक, लालाराम चंदेल, अभिषेक गुर्जर, पवन जैन, अमित बघेल, अभिषेक दीक्षित, तोरण रघुवंशी, शेरू राजपूत, प्रशांत यादव, पवन अहिरवार, विष्णु प्रसाद शर्मा, अनिल , अमित पंथी, अमित मेहता, अंसार मंसूरी, मिथुन पालीवाल, छुटकल अहिरवार सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीडी शर्मा ने किया एवं आभार रवि यादव द्वारा व्यक्त किया गया।

बासौदा देहात पुलिस ने नकबजनी का किया खुलासा 03 आरोपी गिरफ्तार



गंजबासौदा। देहात थाना पुलिस ने नकबजनी के मामले का खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया सम्पूर्ण मशरूका, जिसमें सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी शामिल है, बरामद किया गया है। बरामद मशरूका की कीमत तीन लाख रुपये है।
वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में देहात थाना पुलिस ने धारा 305A, 331(4) बीएनएस में चोरी गए माल एवं आरोपियों की तलाश हेतु थाना प्रभारी देहात के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की थी। विशेष टीम द्वारा घटना दिनांक से ही लगातार जानकारी एवं साक्ष्य एकत्र किए जा रहे थे। विश्वसनीय मुखबिर सूचना तंत्र, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य भौतिक साक्ष्यों के आधार पर तीन संदेहियों से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया सम्पूर्ण मशरूका बरामद किया गया। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में रोहित कुशवाह, उम्र 21 वर्ष, आशिफ खान, उम्र 22 वर्ष, निवासी रजोदा, विशाल अहिरवार उम्र 18 वर्ष निवासी रजोदा शामिल हैं। आरोपियों से सोने का हार 1 नग, सोने की अंगूठी 1 नग, सोने का मंगलसूत्र 1 नग, चांदी की पायल 2 जोड़ी, बिछिया 4 जोड़ी, नगदी 72,000 हजार रूपये सहित 3,00,000 रुपए की सामग्री जब्त की। नकबजनी के खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी जय कुमार सिंह, मनोज तिवारी, सियाराम, कृष्ण कुमार मिश्रा, रवि राव, राकेश जाटव, ध्रुव विश्वकर्मा, राहुल, सतवीर, रामनिवास मीना की भूमिका रही।

अन्नपूर्णा समिति की रसोई में फिर हुई चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

अन्नपूर्णा सेवा समिति की रसोई में पिछले एक सप्ताह में दूसरी बार चोरी की वारदात हो गई है। लेकिन पिछली चोरी के बाद रसोई में लगाए गए कैमरों में इस बार चोर की गतिविधि नजर आ गई है। अब लोगों को उम्मीद है कि पुलिस इस सुराग के बाद शीघ्र ही चोर को गिरफ्तार कर लेगी।
यहां उल्लेखनीय है कि प्रति शाम जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने वाली अन्नपूर्णा सेवा समिति की रसोई नानाजी वाली गली में हनुमान मंदिर परिसर के पास है। मंदिर के पुराने कमरों को तोड दिए जाने से अब रसोई खुले टीनशेड में संचालित हो रही है और वहीं भोजन सामग्री रखी रहती है।
समिति के संचालक मगन दुबे का पिछले दिनों निधन हो गया। जिसके बाद पहली बार अज्ञात चोर ने खुले परिसर का लाभ उठाकर रसोई से आटा, राशन, गैस टंकी चोरी कर ली थी। जिसकी शिकायत समिति के सदस्यों ने पुलिस में दर्ज कराई थी और चोर का शीघ्र पता लगाने की मांग की थी, लेकिन इस चोरी का सुराग लग पाता इससे पूर्व ही बीती रात चोर ने फिर से अन्नपूर्णा रसोई में धावा बोल दिया। हांलाकि पिछली चोरी के बाद स्व मगन जी के बडे भाई गगन दुबे ने रसोई में कैमरे लगवा दिए थे। जिससे बीती रात हुई चोरी की वारदात और चोर की गतिविधि कैमरे में दर्ज हो गई। चोर इस बार आटा और राशन सहित करीब 20 फीट लंबे दो पाइप भी चुरा ले गया है। इस बार भी समिति सदस्यों ने पुलिस को चोरी की शिकायत करते हुए सीसी टीवी कैमरे के फुटेज उपलब्ध कराए हैं। नागरिकों ने अब पुलिस से मांग की है कि शीघ्र ही चोर का पता लगाकर उसे पकडा जाए।

खबर संक्षेप

गौशाला में गायों का किया पूजन

विदिशा। कृष्ण जन्माष्टमी पर गोपाल कृष्ण गोशाला में विशेष पूजन आरती के साथ हरे चारे की व्यवस्था की गई। स्वच्छता अभियान और श्रम दान के बाद , कृमि नाशक गोलियां गुड़ के साथ गायों को खिलाई गई। कार्यक्रम में पशु चिकित्सालय के डॉ दीपक सहाय सक्सेना, अध्यक्ष अशोक गोयल,सचिव संतोष ताम्रकार, कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, गिरीश शाह, पंकज वीसानी के साथ साथ सहयोगी सदस्यों में विजय श्रीवास्तव, अरविंद अवस्थी, गोपाल खंडेलवाल, चन्द्र शेखर शर्मा, मधुर ताम्रकार,मोहर सिंह बघेल आदि मौजूद रहे।

बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित

सागर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, सागर द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में जनसहभागिता के साथ विशेष पोषण एवं स्वास्थ्य शिविर तथा पौष्टिक भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार किया गया। 29 अगस्त 2026 से प्रारंभ हुए बाल-कल्याणकारी पखवाड़े का समापन जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर जिले के सभी विकासखंडों में किया गया। इस दौरान संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारियों के समन्वय से आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापकर उनके पोषण स्तर का आंकलन भी किया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वसहायता समूहों के माध्यम से बच्चों के लिए विशेष पौष्टिक भोजन एवं व्यंजन तैयार कर वितरित किए गए। कार्यक्रम में बच्चों, माताओं और स्थानीय समुदाय ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन के माध्यम से बच्चों में सुपोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही समुदाय को बाल स्वास्थ्य एवं कल्याण की गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया गया।

यादव समाज ने किया आयोजन, आकर्षक झांकी, ढोल-डीजे और करतबों ने मोहा मन

हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की... के जयकारों से गूंजा सिरोंज, निकाला चल समारोह



जगह-जगह पुष्पवर्षा कर नागरिकों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को रिमझिम बारिश के बीच सिरोंज नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही नगर के विभिन्न मंदिरों में विशेष तैयारियां शुरू हो गई थीं। मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया और शाम होते ही मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना, अभिषेक, भजन-कीर्तन सहित धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया। जन्माष्टमी के अवसर पर यादव समाज की ओर से नगर में विशाल एवं भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह के दौरान पूरा शहर "हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की", "जय श्रीकृष्ण" और "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" जैसे जयकारों से गूंजता रहा। यादव समाज द्वारा निकाले गए इस विशाल चल समारोह को लेकर समाजजनों में कई दिनों से उत्साह बना हुआ था। शुक्रवार को निर्धारित समय पर नगर के छत्री नाका स्थित हनुमान मंदिर से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के बाद चल समारोह प्रारंभ हुआ। जैसे ही चल समारोह मुख्य मार्ग पर पहुंचा, इसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होते गए। देखते ही देखते चल समारोह ने विशाल स्वरूप ले लिया। इसमें समाज के युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए।

धार्मिक धुनों पर थिरकते नजर आए युवा

चल समारोह की अगवानी विभिन्न वाद्य यंत्रों और डीजे की धार्मिक धुनों के साथ की जा रही थी। ढोल-नगाड़ों की गूंज और भक्ति गीतों के बीच युवा पूरे उत्साह के साथ नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। डीजे पर बज रहे भगवान श्रीकृष्ण के भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कई युवा हाथों में ध्वजा लेकर चल रहे थे और लगातार भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगा रहे थे। चल समारोह में समाज की एकजुटता और धार्मिक आस्था का विशेष रूप देखने को मिला। जगह-जगह लोग अपने घरों एवं दुकानों के बाहर खड़े होकर चल समारोह को देख रहे थे। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

आकर्षक झांकी बनी मुख्य आकर्षण

चल समारोह में भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी विशेष रूप से सजाई गई थी। भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप को सुंदर तरीके से रथ में विराजमान किया गया था। रथ को फूलों एवं विभिन्न सजावटी सामग्री से सजाया गया था। भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप के दर्शन करने के लिए मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। समाजजन हाथों में ध्वजा लेकर रथ के आगे चल रहे थे, जबकि रथ के पीछे बड़ी संख्या में श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर रथ को रोककर भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान को पुष्प अर्पित किए और सुख-समृद्धि की कामना की।

युवाओं ने दिखाए हैरतअंगेज करतब, उमड़ी भीड़

चल समारोह में यादव समाज के युवा संगठनों द्वारा प्रस्तुत किए गए हैरतअंगेज करतब लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। युवाओं ने लाठियां चलाने सहित विभिन्न पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन किया। युवाओं की फुर्ती और साहस देखकर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। वहीं युवाओं द्वारा सिर पर कांच की बोतल रखकर गोल रिंग में से निकलने जैसे करतब भी दिखाए गए। इन करतबों को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में नागरिक एकत्रित हो गए। बच्चों और युवाओं में इन करतबों को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।

गोपियों के नृत्य ने बांधा समां

चल समारोह में गोपियों का नृत्य भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। पारंपरिक वेशभूषा में गोपियां नृत्य करते हुए चल रही थीं। भगवान श्रीकृष्ण की झांकी के साथ गोपियों के नृत्य ने चल समारोह की शोभा बढ़ा दी। धार्मिक गीतों और भजनों पर गोपियों द्वारा किए जा रहे नृत्य को देखने के लिए जगह-जगह लोग रुक गए। वहीं ढोल की थाप पर समाज के युवा भी नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। चारों ओर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे, ढोल की गूंज और भक्ति गीतों के कारण पूरा वातावरण कृष्णमय नजर आया।

फूलों की बारिश से हुआ भव्य स्वागत

चल समारोह के दौरान विशेष रूप से फूलों की वर्षा भी की गई। तोप के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं चल समारोह में शामिल लोगों पर फूलों की बारिश की जा रही थी। जैसे ही फूलों की वर्षा होती, श्रद्धालुओं में उत्साह और बढ़ जाता। लोग जय श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते हुए भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन नजर आए। फूलों की वर्षा और आकर्षक झांकी के बीच निकले चल समारोह ने नगरवासियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। पूरे मार्ग में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा।

प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा चल समारोह

छत्री नाका स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुआ चल समारोह बामोरा रोड, कस्टम पथ, कठाली बाजार, चांदनी चौक, सराफा बाजार, राज बाजार और हाजीपुर सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बासौदा नाका पहुंचा। इस दौरान मार्ग में कई स्थानों पर समाजजनों और नागरिकों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की गई। चल समारोह के बासौदा नाका पहुंचने के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इसके पश्चात समाज की ओर से श्रद्धालुओं और नागरिकों के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने महाप्रसादी ग्रहण की।

पग-पग पर हुआ चल समारोह का स्वागत

यादव समाज द्वारा निकाले गए विशाल चल समारोह का नगरवासियों ने पग-पग पर जोरदार स्वागत किया। नगर के छत्री नाका चौराहा, कस्टम पथ, कठाली बाजार, चांदनी चौक, सिनेमा चौराहा, कोट गेट, जनपद कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया गया। नागरिको ने भगवान श्रीकृष्ण की झांकी के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। कई स्थानों पर स्वागत मंच बनाकर समाजजनों का अभिनंदन किया गया। इस दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में उत्साह देखने को मिला।

दांगी क्षत्रिय संघ ने किया भव्य स्वागत

चल समारोह के दौरान दांगी क्षत्रिय संघ द्वारा बामोरा रोड स्थित छत्री नाका पर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं पुष्पवर्षा कर चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया। संघ के सदस्यों ने रथ में विराजमान भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप की पूजा कर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद चल समारोह में शामिल समाजजनों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह दांगी, झारसिंह दांगी, पहलाद दांगी, दीवान सिंह दांगी, संजीव दांगी, अरविंद दांगी, शिवराज सिंह दांगी, रघुवीर सिंह दांगी, ज्ञान सिंह दांगी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

युवाओं की भागीदारी रही उल्लेखनीय

चल समारोह में यादव समाज के युवाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। युवाओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोई ध्वजा लेकर चल रहा था तो कोई ढोल की थाप पर नृत्य कर रहा था। युवाओं के उत्साह और जोश ने पूरे आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। समारोह में सुरेश यादव, अशोक यादव, राजीव यादव, अंकुर यादव, अजय यादव, विक्रत यादव, विजय यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। समाज के लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता के साथ मनाया।

भक्ति और सामाजिक एकता का दिया संदेश

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर निकाला गया यह विशाल चल समारोह धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी देता नजर आया। नगर के विभिन्न समाजों और नागरिकों ने जगह-जगह चल समारोह का स्वागत कर आयोजन की शोभा बढ़ाई। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में भगवान श्रीकृष्ण के प्रति गहरी आस्था देखने को मिली। जयकारों, भजनों, ढोल-नगाड़ों, आकर्षक झांकी, गोपियों के नृत्य और युवाओं के करतबों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। देर तक नगर के प्रमुख मार्गों पर उत्सव का माहौल बना रहा। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा सिरोंज भक्तिमय नजर आया और ऐसा लगा मानो पूरा नगर ही कान्हा की भक्ति में रंग गया हो।

विद्यालयों में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम बाल-गोपाल के स्वरूपों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭नटेरन



विकास खंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विद्यालयों में दिनभर उत्सव का माहौल रहा। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के बालस्वरूप की मनमोहक वेशभूषा धारण कर विशेष प्रस्तुतियां दीं। आयोजनों के तहत जीवंत झांकियों का प्रदर्शन, मटकी फोड़ और बांसुरी वादन प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं, भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों पर आधारित भाषण प्रतियोगिता के जरिए विद्यार्थियों ने कान्हा के जीवन दर्शन और आदर्शों पर प्रकाश डाला। प्राथमिक शालाओं में इस अवसर पर बच्चों के लिए विशेष पोषण युक्त सुरुचिपूर्ण भोजन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम के दौरान विकास खंड शिक्षा अधिकारी राकेश सेन ने सभी शिक्षकों और बच्चों को पर्व की बधाई दी। विकास खंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) ईश्वर शर्मा ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य संदेशों में निःस्वार्थ कर्म की अद्भुत प्रेरणा निहित है, जिसने सदा मानवता का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कामना व्यक्त की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, उत्साह और शक्ति का संचार करे।

संस्कृत में विज्ञान पर शोध-पत्रों का वाचन

विदिशा। संस्कृत गौरव दिवस समारोह के दूसरे दिन संस्कृत में विज्ञान विषय पर शोध-पत्र वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सागर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, विदिशा, दतिया, रायपुर और देवेन्द्रनगर-पन्ना से आए विद्वानों व शोधार्थियों ने संस्कृत वाङ्मय में निहित वैज्ञानिक ज्ञान पर शोध-पत्र प्रस्तुत किए। अध्यक्षता प्रो. जेएन त्रिपाठी ने की। कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत केवल धर्म-दर्शन की भाषा नहीं, बल्कि गणित, खगोल विज्ञान, आयुर्वेद, कृषि, वास्तु, पर्यावरण और धातुविज्ञान जैसे विषयों के समृद्ध ज्ञान का भंडार है। प्राचीन ग्रंथों में उपलब्ध वैज्ञानिक सामग्री का आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अध्ययन आवश्यक है। जिला संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी पुनीत संज्ञा ने बताया कि अधिकांश संस्कृत शिक्षकों ने सहभागिता की। गोविंद देवलिया ने कहा कि शोध-पत्रों से विदिशा के प्रतिभागी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में अनेक विद्वान, शोधार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

साईं कॉलेज में जन्माष्टमी पर्व पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर साईं कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और अपनी प्रतिभा एवं टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागियों ने आपसी सहयोग, अनुशासन और जोश के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर भक्तिमय एवं उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिला। महाविद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी।

जन्माष्टमी पर कृष्ण-राधा वेशभूषा और मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित



गुलाबगंज। वर्ल्ड वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों के बीच भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा की वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित हुई। नन्हे-मुन्ने बच्चे कृष्ण-राधा के रूप में आकर्षक नजर आए। कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए जन्माष्टमी क्राफ्ट प्रतियोगिता भी हुई। विद्यालय परिसर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी शानदार आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ मटकी फोड़ी। स्कूल डायरेक्टर दानिश अली जाफरी एवं प्राचार्य अजय कुमार दास ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।

नेटवर्क ठप: चिकली गांव में जिओ टावर बना शोपीस

रिचार्ज का पैसा खर्च होने के बावजूद नहीं मिल रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़

हैदरगढ़ विकासखंड ग्यारसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिकली में जियो कंपनी का मोबाइल टावर पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से बंद पड़ा है। टावर बंद होने के कारण गांव में जियो नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अधिकांश लोग जियो कंपनी की सिम का उपयोग करते हैं, लेकिन नेटवर्क नहीं मिलने से मोबाइल कॉल और इंटरनेट सहित जरूरी ऑनलाइन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मोबाइल में रिचार्ज और बैलेंस लगातार खर्च हो रहा है, लेकिन नेटवर्क की सुविधा नहीं मिल पा रही है। आसपास के गांवों में भी पर्याप्त मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं होने के कारण ग्रामीणों के सामने समस्या और बढ़ गई है। जरूरी फोन करने के लिए भी उन्हें नेटवर्क की तलाश में इधर-उधर जाना पड़ रहा है।नेटवर्क की समस्या को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच सुखेंद्र किरार ने बताया कि जिओ कंपनी से संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई है। इसके बावजूद दो सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी टावर चालू नहीं हो सका है। इससे ग्रामीणों में जियो कंपनी की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी है।इस संबंध में ग्यारसपुर क्षेत्र के जियो कंपनी के इलेक्ट्रीशियन चैन सिंह मैथिल से बात की गई। उन्होंने बताया कि टावर में आई तकनीकी समस्या की जानकारी कंपनी के अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन कंपनी की ओर से आवश्यक सामान नहीं भेजा गया है। सामान आते ही टावर को पुनः चालू कर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से जल्द टावर चालू कराने की मांग की है।

In The Court Of Civil Judge Junior Division, Sironj, District Court, Vidisha
Presiding Officer: ज्योति फुस्केले
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000078/2024)
अहमद सईद खां.....वादी
vs
गाबिया बी ..... प्रतिवादी
Process Id- /2026
पेशी दिनांक :- 08/10/2026
प्रेषिती-
(1) श्रीमति बुन्दा बाई पति चंदन सिंह निवासी ग्राम करैया तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र.
(2) भुजबल पिता स्व. भागचंद निवासी ग्राम फुफेर तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र.
एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादी अहमद सइद खां पुत्र दिलदार खां निवासी मो. पीरजादापुरा सिरोंज द्वारा ने इस न्यायालय में भूमी सर्वे क्रं. १९३/२ रकबा १.६१९ हे. तथा सर्वे क्रं० २२०/३ रकबा ३.५४२ हे. तथा ख.क्रं. २२३/१ रकबा ०.८२४ हे. कुल किता ०३ कुल रकबा ५.९८५ हे. स्थित ग्राम धरमपुर तहसील सिरोंज के संबंध में आपके विरूद्ध स्वत्व घोषणा एवं निरस्त किये जाने आदेश के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीडासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 31 August 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायाधीश ज्योति फुस्केले
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सिरोंज, जिला विदिशा (म.प्र.)

बरसती फुहारों के बीच निकला कुश महोत्सव चल समारोह

डीजे, ढोल-ताशों और अखाड़े की प्रस्तुतियों ने बांधा समां, लव-कुश की मनमोहक झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर



कुशवाह समाज के आराध्य देव भगवान लव-कुश के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को ग्यारसपुर में भव्य कुश महोत्सव एवं शोभायात्रा निकाली गई। लगातार हो रही बारिश भी समाज के उत्साह और श्रद्धा को कम नहीं कर सकी। बरसती फुहारों के बीच बड़ी संख्या में समाज के स्वजातीय बंधु, माताएं-बहनें एवं युवा शोभायात्रा में शामिल हुए।

शोभायात्रा छप्पर मोहल्ला से प्रारंभ होकर कुशवाह शिवालय तक पहुंची। डीजे की धुन, ढोल-ताशों की गूंज और अखाड़े की शानदार प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। डीजे की धुन पर युवा जमकर थिरकते नजर आए, वहीं अखाड़े के कलाकारों ने अपनी कला एवं हैरतअंगेज प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

चल समारोह में भगवान लव-कुश के जीवन एवं रामायण प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं। माता सीता, महर्षि वाल्मीकि और बाल स्वरूप लव-कुश की झांकियां लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कमेटी सहित विभिन्न लोगों द्वारा स्वागत किया गया। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं में उत्साह देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा के कुशवाहा शिवालय पहुंचने के बाद मुख्य समारोह आयोजित किया गया। यहां अतिथियों ने भगवान लव-कुश के आदर्शों एवं चरित्र पर प्रकाश डालते हुए समाज की उन्नति, प्रगति, शिक्षा और एकजुटता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं तथा सोशल मीडिया के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाज के वरिष्ठजनों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कुश कल्याण बोर्ड के पूर्व कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा एवं समाजसेवी वरिष्ठ भगवान सिंह कुशवाहा ने भगवान लव-कुश के चरित्र और उनके आदर्शों पर विस्तार से उद्बोधन दिया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज कुशवाह, प्रदेश मंत्री बाबूलाल कुशवाह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपा कुशवाह, स्थानीय सरपंच राजू कुशवाह, निरंजन कुशवाह, जनपद सदस्य मनीराम कुशवाह, मोकम कुशवाह, गोपाल सिंह कुशवाह, कल्याण सिंह कुशवाह एवं प्रदीप कुशवाह सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

गणेशोत्सव को लेकर थाना स्तर पर होंगी शांति समिति की बैठकें

विदिशा। आगामी गणेशोत्सव को देखते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता ने सभी एसडीएम को अनुविभाग स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को थाना स्तर पर बैठकें कराने को कहा गया है। बैठकों में जनप्रतिनिधियों, गणेश उत्सव समितियों, सामाजिक संगठनों सहित संबंधित लोगों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी और प्रशासन-पुलिस के बीच प्रभावी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

कार्यालय :- प्रियदर्शनी महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या विदिशा
क्र./वा.आ.स./26-27 क्यू
पंजी क्र. 551 दिनांक 13/01/1997
दिनांक 05.09.2026
म.प्र. सहकारी सोसा. अधिनियम 1960 के अन्तर्गत वार्षिक आमसभा का सूचना-पत्र
महानुभाव,
प्रियदर्शिनी महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या. विदिशा समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक - 20.09.26, दिन रविवार को स्थान संस्था कार्यालय में दोपहर 2:00 बजे सम्पन्न किया जाना सुनिश्चित हुआ है, अतः आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
नोट :- कोरम के अभाव में बैठक 1/2 को स्थगित की जावेगी, उपरांत उसी स्थान दिनांक को बैठक की कार्यवाही की जावेगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। सूचना पत्र पृथक से सदस्यों को प्रेषित किया जा रहा है।
(लवकेश) प्रबंधक
(श्रीमती शशि शर्मा) अध्यक्ष

श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल, डीजे-बैंड की भक्ति धुनों पर थिरके लोग

बारिश के बीच निकाली भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा शहर

बाल गोपाल, राधारानी और सुदामा के स्वरूप रहे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शुक्रवार को शहर कृष्ण भक्ति में रंगा नजर आया। सर्व यादव महासभा जिला इकाई द्वारा चल समारोह समिति रायसेन के बैनर तले श्री राधा कृष्ण मंदिर, श्रीराम लीला मैदान से भगवान योगेश्वर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डीजे, ढोल-नगाड़ों और बैंडबाजों की भक्ति धुनों के बीच निकली यात्रा में घोड़ाबग्घी और खुली जीप में सजे रथों पर बाल श्रीकृष्ण, सुदामा, राधारानी, रुक्मणी और बाल गोपालों के स्वरूप विराजमान रहे। भगवान के दर्शन के लिए गली-मोहल्लों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। शोभायात्रा शुरू होते ही इंद्रदेव भी मेहरबान हो गए, कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश के बीच श्रद्धालु भक्ति में डूबे रहे। बारिश ने उत्साह कम करने के बजाय माहौल को और भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु ह्यहाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल कीह्न और ह्यनंद घर आनंद भयोह्न के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। शोभायात्रा के आगे गुरिल्ला और पूतना डांस आकर्षण का केंद्र रहे।

शोभायात्रा श्रीराम ग्राउंड से शुरू होकर आशा मेडिकल, भारत माता चौराहा, न्यू मार्केट, अथाईं मोहल्ला, टिपटता बाजार, गवाईपुरा, जामा मस्जिद, भाजपा जिला कार्यालय, भोपाल रोड, सागर-भोपाल तिराहा और महामाया चौक से होते हुए वापस श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंची। रास्तेभर श्रद्धालुओं ने भगवान के स्वरूपों के दर्शन किए और जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया। श्री हिंदू उत्सव समिति रायसेन की ओर से अध्यक्ष रवि खत्री, अनिल चौरसिया और मित्रमंडली ने शोभायात्रा का आरती उतारकर एवं पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा में चल समारोह समिति अध्यक्ष रोहित यादव, राजेश राजू यादव, रवि शंकर पप्पू यादव, कुल्लू यादव, प्रमेश पिंकू यादव, संतोष यादव, राजेंद्र यादव, बालाराम यादव, रामस्वरूप यादव, भानु यादव, निमित चतुर्वेदी, राहुल परमार, विश्वास रैकवार, मुन्नालाल विश्वकर्मा दाऊ, प्रताप यादव, मनोज, संजीव शर्मा, महेश यादव, ज्ञान यादव, राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

6 तत्वों का रहा दुर्लभ मिलन

ज्योतिषविद् पं दामोदर व्यास ने बताया कि श्रीमद्भागवत और भविष्य पुराण के अनुसार भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र, वृषभ राशि का चंद्रमा और शुक्रवार का दुर्लभ संयोग 4 सितंबर को बना। निर्णय सिंधु के अनुसार इस शुभ योग में पूजा-अर्चना और उपवास करने से जन्मों के पाप नष्ट होते हैं और व्यक्ति जन्म-मरण के चक्र से मुक्त होकर बैकुंठ धाम प्राप्त करता है।

साढ़े तीन क्विंटल फूलों से सजा राधा-कृष्ण मंदिर




श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शहर के राधा-कृष्ण मंदिर में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। मंदिर समिति की ओर से करीब साढ़े तीन क्विंटल फूलों, रंग-बिरंगे गुब्बारों और आम्र पत्ती के वंदनवारों से मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। फूलों से सजी मंदिर की भव्य सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण का विशेष श्रृंगार कर उन्हें सुंदर पालने में विराजमान किया गया। पालने में सजे बाल गोपाल को झूला झुलाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

बारिश में हरियाली से सजी दीवानगंज का प्राचीन गुफा

351 सीढ़ियां चढ़कर गुफा मंदिर पहुंचे श्रद्धालु जन्माष्टमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



बारिश के मौसम में दीवानगंज के पहाड़ पर स्थित प्राचीन गुफा मंदिर इन दिनों श्रद्धालुओं के साथ-साथ प्रकृति प्रेमियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पहाड़ पर चारों ओर फैली हरियाली, ठंडी हवाएं और प्राकृतिक वातावरण मंदिर की खूबसूरती को और बढ़ा रहे हैं। शुक्रवार को जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा और मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही। मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को करीब 351 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। ऊंचाई पर स्थित गुफा में पहुंचने के बाद श्रद्धालु शंकर-पार्वती जी, हनुमान जी, गणेश जी, काली माता सहित अन्य देवी-देवताओं के दर्शन करते हैं। कठिन चढ़ाई के बावजूद धार्मिक आस्था के चलते बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित यहां पहुंच रहे हैं।

बारिश ने बदला पहाड़ का नजारा

बरसात के बाद पूरा पहाड़ हरियाली की चादर से ढक गया है। पेड़-पौधों से घिरे मंदिर परिसर का वातावरण सुबह और शाम के समय बेहद शांत और मनमोहक दिखाई देता है। गुफा मंदिर से आसपास के गांवों, तालाबों और पहाड़ियों का सुंदर नजारा दिखाई देता है। यही वजह है कि मंदिर अब धार्मिक स्थल के साथ प्राकृतिक पर्यटन के लिहाज से भी लोगों को आकर्षित कर रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सावन के सोमवार को गुफा मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ जाती है। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग भगवान के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए यहां पहुंचते हैं। जन्माष्टमी पर भी मंदिर में भक्तों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली।

सुविधाओं की दरकार

श्रद्धालुओं और ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान 351 सीढ़ियों पर फिसलन बढ़ जाती है। ऐसे में सीढ़ियों और मंदिर तक जाने वाले मार्ग की नियमित साफ-सफाई, पर्याप्त सुरक्षा रेलिंग तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना जरूरी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर में मूलभूत सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए। धार्मिक आस्था, पहाड़ की प्राकृतिक खूबसूरती और बारिश की हरियाली का अनूठा संगम बना दीवानगंज का गुफा मंदिर इन दिनों क्षेत्र के प्रमुख आकर्षणों में शामिल है। जन्माष्टमी पर यहां उमड़ी भीड़ ने इसकी धार्मिक लोकप्रियता को एक बार फिर सामने ला दिया।

25 फीट ऊंची लटकी दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन



बरेली। हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में नगर के बड़ा बाजार में 15000 की इनामी दही हांडी प्रतियोगिता शुरू हुई। नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा पूजन कर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का प्रारंभ की गई। निकटवर्ती ग्राम धोखेड़ा के बाल गोपाल मंडल द्वारा 25 फीट ऊंची लटकी दही हांडी तोड़ने का प्रयास किया गया। रात्रि में भगवान श्री कृष्ण का प्राचीन श्रीजी मंदिर में धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया जाने के बाद शनिवार की दोपहर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की टीमों द्वारा अपना दमखम मटकी फोड़ने का हुनर दिखाया जाएगा। शुभारंभ पर नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, अनेक पार्षद, विधायक प्रतिनिधि राजेश साहू, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश बबेल, राधेश्याम पालीवाल, हीरेंद्र मालवीय, हरिसिंह खोजर, गोपाल स्वरूप ठाकुर के साथ अन्य पदाधिकारी और भारी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही।

खबर संक्षेप

शिक्षक दिवस पर सत्यार्थ फाउंडेशन आज लगाएगा रक्तदान शिविर

सिलवानी । रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी का जीवन बचा सकता है। आपका रक्त किसी की जिंदगी की आस बन सकता है। इसी भावना के साथ नगर की सामाजिक संस्था सत्यार्थ वेलफेयर फाउंडेशन सिलवानी द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के ब्लड बैंक के लिए रक्तदान किया जाएगा। संस्था ने नगर के युवाओं और नागरिकों से अपील की है कि मानवता के इस पुण्य कार्य में अपना योगदान दें और रक्तदान करें। आपके एक यूनिट रक्त से किसी जरूरतमंद का जीवन बचाया जा सकता है। शिविर का आयोजन शनिवार को समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक सांदीपनी स्कूल परिसर सिलवानी में किया जाएगा। संस्था ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर स्वस्थ रहने और दूसरों को जीवनदान देने का आह्वान किया है। संस्था के द्वारा पूर्व में भी रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह कल आएंगे मंडीदीप और औबेदुल्लागंज

रायसेन। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान 6 सितम्बर को जिले के मण्डीदीप और औबेदुल्लागंज में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री चौहान 6 सितम्बर को प्रातः 10 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 10.30 बजे सिविल अस्पताल मण्डीदीप पहुचेंगे तथा यहां पौधरोपण और अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके उपरांत प्रातः 11 बजे सिविल अस्पताल मण्डीदीप से प्रस्थान कर प्रातः 11.15 बजे कृषि उपज मंडी परिसर पहुचेंगे और यहां आयोजित शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री दोपहर 1 बजे औबेदुल्लागंज स्थित शासकीय सांदीपनि स्कूल पहुंचे तथा यहां लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम और मेधावी छात्रवृत्ति कार्यक्रम में शामिल होंगे।

शासकीय आईटीआई में 7 सितम्बर तक प्रवेश का अंतिम अवसर

रायसेन। शासकीय आईटीआई में विभिन्न व्यावसायिक पाठयक्रमों में पहले आओ पहले पाओ राउण्ड-07 के तहत प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है। रायसेन जिले में संचालित शासकीय आईटीआई में प्रवेश हेतु निर्धारित 1068 सीटों के विरूद्ध 823 सीटों पर प्रवेश पूर्ण हो चुका है तथा शेष 245 रिक्त सीटों पर प्रवेश 07 सितम्बर तक हो सकेगें। शासकीय आईटीआई रायसेन में 33 सीट, गैरतगंज में 40 सीट, देवरी में 40 सीट, सिलवानी में 40, मंडीदीप में 61 एवं बेगमगंज में 31 सीटों पर प्रवेश 07 सितम्बर तक पहले आओ पहले पाओ राउण्ड-07 के तहत हो सकेंगे। इच्छुक आवेदक प्रवेश हेतु समस्त दस्तावेजों की मूल प्रति, दो सेट फोटोकॉपी एवं पासपोर्ट साइज फोटो निर्धारित शुल्क सहित संबंधित आईटीआई में 5 सितम्बर से 7 सितम्बर तक उपस्थित होकर रिक्त सीटों पर पहले आओ पहले पाओ राउण्ड के तहत प्रवेश ले सकते हैं।

जेल के खूनी गोलीकांड ने खोल दी जिला जेल पठारी की हाईटेक सिक्योरिटी की पोल

जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता, वहां देसी कट्टा बुलेट और मोबाइल बंदी तक आसानी से पहुंचा

प्रहरियों की मेहरबानी से बैरक से बाहर आते-जाते थे कैदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला जेल पठारी में बुधवार सुबह हुए खूनी गोलीकांड ने जेल की हाईटेक सिक्योरिटी के दावों की हवा निकाल दी है। सुबह करीब 9 बजे हत्या के आरोपी नीलेश ठाकुर निवासी दिमाडा ने जेल प्रहरी दिग्विजय सिंह तोमर को गोली मारकर भागने की कोशिश की। इस सनसनीखेज वारदात के बाद जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

उधर मामले की हरेक पहलू की बारीकी से जांच के लिए जेल पहुंचे एसडीएम मनीष शर्मा ने प्रारंभिक जांच में ही सुरक्षा में गंभीर लापरवाही की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक जेल के भीतर प्रहरियों की मिलीभगत से कैदी बेरोकटोक बैरक से बाहर आते-जाते थे। कोतवाली पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीटर आरोपी नीलेश ठाकुर के कब्जे से देशी कट्टा, तीन गोलियां, गुटखा पाउच और चार गोलियां एक की पेड्स मोबाइल बरामद किया है।

बड़ा सवाल - जेल में बंदूक का देसी कट्टा, गोलियां और मोबाइल कैसे पहुंचा?



हिस्ट्रीशीटर कैदी नीलेश ठाकुर के पास से देशी कट्टा बुलेट और मोबाइल फोन मिला है। सवाल यह है कि सीसीटीवी कैमरे के जैमर और स्कैनर लगे होने के बावजूद जेल के अंदर हथियार और मोबाइल कैसे पहुंच गया? क्या जेल के ही किसी कर्मचारी ने मोटी रकम लेकर ये सामान अंदर पहुंचाया? जमानत पर जेल से बाहर आए एक व्यक्ति ने बताया कि जेल में प्रहरियों और कैदियों के बीच गठजोड़ और समानांतर से सल्तनत चलती है। जिला जेल के अंदर जेल प्रहरियों को मोटा कमीशन देकर आसानी से हथियार नशे की चीजें और भोजन तक रसूखदार बंदियों तक जेल की सलाखों तक पहुंच जाता है। घटना को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने पूरे मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। जांच में कई और चौंकाने वाले तथ्यों के खुलासे होने की उम्मीद है।

नवागत जेल अधीक्षक आर्य ने संभाला चार्ज

नवागत जेल अधीक्षक हरीश आर्य ने जिला जेल पठारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जबकि प्रभारी जेल अधीक्षक आरके चौरे को भोपाल अटैच कर दिया गया है।

धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मटकी फोड़ स्पर्धा में टीम ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर यादव महासभा के नेतृत्व में विधिविधान से पूजा-अर्चना के बाद भगवान श्रीकृष्ण जी की फूलों से सजेधजे रथ पर सवार विशाल शोभायात्रा में डीजे, बैंडबाजों, ढ़ोल-मंजीरे की सुमधुर धुन पर भजन कीर्तन करती मंडलियां नाचते -गाते हुए शामिल हुई। शोभायात्रा दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर नया बस स्टैंड , महाराणा प्रताप रोड़ , गांधी बाजार, पुराना बस स्टैंड से वापिस होकर दशहरा मैदान पहुंची। इस बीच जगह -जगह पुष्प वर्षा के साथ भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी गई।

शोभायात्रा में विशेष रूप से मथुरा उप्र से आए वृंदावन ग्रुप के कलाकारों ने रासलीला की आकर्षक मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को अभिभूत कर दिया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथिद्वय पूर्वमंत्री रामपाल सिंह, विधायक देवेंद्र पटेल, सुधीर यादव सागर सहित नपाध्यक्ष संदीप लोधी, राजेंद्र सिंह तोमर, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष सचिन नेमा, संदीप विश्वकर्मा, कमल साहू, राजेश यादव पार्षद, शेरसिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य दिग्विजयसिंह यादव, जगदीश लोधी, बसंत शर्मा द्वारा संबोधित करते हुए कर्मवीर भगवान श्रीकृष्ण दर्शन के साथ उनके आदर्श ओर धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। नपाध्यक्ष संदीप लोधी ने यादव समाज की धर्मशाला के लिए 10 लाख देने की घोषणा की।

मटकी फोड़ स्पर्धा में भारी भरकम नगद पुरुस्कार प्रतियोगिता को ओर ज्यादा आकर्षक एवं उत्साहित कर दिया। जिसमें एक दर्जन के करीब अखाड़ों की टीमों ने भाग लिया। लेकिन गत वर्ष की विजेता टीम श्रीदुर्गा अखाड़ा माला फाटक बेगमगंज ने 31 फिट ऊंची बंधी मटकी फोड़कर फिर से पुरुस्कार हासिल किए जाने पर यादव महासभा द्वारा पुरुस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में अतिथियों सहित हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्षों, समाज के प्रमुखजनों तथा समाज की मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

तहसील के ग्राम डूमर और बागपिपरिया में हुआ रक्षाबंधन महोत्सव कार्यक्रम

बहनों के जीवन में सुख समृद्धि के नए रंग खिले नर्मदा मैया से प्रार्थना- मंत्री पटेल

लाडली बहनों ने लाडले भाई राज्य मंत्री पटेल को राखियां बांधी दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बाग पिपरिया और ग्राम डूमर में हुए रक्षाबंधन महोत्सव कार्यक्रमों में ग्रामीण क्षेत्र की हजारों बहनों की उपस्थिति रही। राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने पुष्प वर्षा कर लाडली बहनों का स्वागत किया। लाडली बहनों द्वारा बड़े ही उत्साह उमंग के साथ अपने भाई लाडले विधायक और राज्य मंत्री पटेल को राखियां बांधकर दिल खोलकर आशीर्वाद स्नेह दिया गया। राज्य मंत्री पटेल की ओर से लाडली बहनों को साड़ियां मिठाई उपहार में दी गई।

नर्मदा मैया से प्रार्थना राज्य मंत्री पटेल ने बहनों की भारी उपस्थिति से प्रसन्न होते हुए कहा कि केंद्र की मोदी की सरकार और प्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव जी की भाजपा सरकार द्वारा बहनों के जीवन में सुख समृद्धि के नए रंग भरने का विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का प्रयास किया जा रहा है। नर्मदा मैया से यही मंगल कामना है बहनों का अपार स्नेह और आशीर्वाद सदा बना रहे। उपस्थित बहनों से कहा कि आपका भाई आपकी सेवा के लिए सदैव संकल्पित है कार्यक्रम में पंडा बमोरी ग्राम पंचायत की सरपंच सुषमा ओमप्रकाश चतुर्वेदी ,भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं बागपिपरिया के सरपंच रेवा सिंह गोदर ,अभिज्ञान पटेल योगेश पटेल शेर सिंह चौधरी राजकुमार भार्गव वृंदावन पटेल सरपंच नगर परिषद के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी इत्यादि की विशेष उपस्थिति रही।

बंद पड़ी सूर्या फैक्ट्री बनी चोरों का अड्डा, लाखों का स्क्रैप पार

सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, करोड़ों की मशीनरी पर कबाड़ियों की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



क्षेत्र की 20 साल से बंद पड़ी सूर्या फैक्ट्री अब संपत्ति अपराध और चोरी का गढ़ बन चुकी है। फैक्ट्री परिसर में आज भी करोड़ों रुपये मूल्य की कीमती मशीनें, भारी-भरकम मोटरें और दुर्लभ औजार लगे हुए हैं। हालांकि, देखरेख के अभाव और मिलीभगत के चलते इस बहुमूल्य राष्ट्रीय संपत्ति को धीरे-धीरे स्क्रैप में बदलकर बेचा जा रहा है। स्थानीय सूत्रों और निवासियों का कहना है कि अब तक लाखों रुपये का पुराना लोहा, एल्युमिनियम और तांबा ट्रकों में भरकर भोपाल के कबाड़खानों तक पहुंचाया जा चुका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि सुरक्षा के लिए गार्ड तैनात होने के बावजूद चोरी का यह सिलसिला थम क्यों नहीं रहा?

पुलिस की मुस्तैदी से बड़ा गिरोह पकड़ा था फैक्ट्री में हो रही सेंधमारी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कुछ समय पहले ही स्थानीय निवासियों की सतर्कता और पुलिस की मुस्तैदी से एक बड़ा गिरोह पकड़ा गया था। कबाड़ और पन्नी बीनने का काम करने वाली 7 महिलाएं एक लोडिंग ऑटो में भारी मात्रा में एल्युमिनियम व लोहे की टीन भरकर भोपाल रोड की ओर भाग रही थीं। पुलिस ने कचनारिया गांव के पास घेराबंदी कर ऑटो को रोका और मौके से चोरी का माल बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर ऑटो चालक राजदीप कोली समेत 7 महिलाओं रक्षा नाथ, काजल गिरी, करीना गिरी, देवकी, भारती, मोनिका गिरी और अनिता बाई गिरी सभी निवासी गोसाईं मोहल्ला, दीवानगंज को गिरफ्तार किया था।

जिला बदर के बावजूद घर पहुंच गया, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर अपने गांव पहुंचे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर पर मौजूद है। टीम मौके पर पहुंची तो वह पुलिस को देखकर घर के पिछले हिस्से की ओर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे फिर से पकड़ लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल पठारी भेज दिया गया। कोतवाली पुलिस के अनुसार, राहुल वेदी (27) पिता रतनसिंह वेदी निवासी ग्राम पठारी के खिलाफ जिला दण्डाधिकारी रायसेन ने 11 मई 2026 को जिला बदर का आदेश जारी किया था। आदेश के तहत उसे रायसेन जिले की सीमाओं से लगे भोपाल, विदिशा, सागर, होशंगाबाद, सीहोर और नरसिंहपुर जिलों की राजस्व सीमाओं से 6 माह के लिए बाहर रहने के निर्देश दिए थे।

घर पर होने की सूचना मिली, पुलिस

4 सितंबर को मुखबिर ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि जिला बदर आरोपी राहुल वेदी ग्राम पठारी स्थित अपने घर पर मौजूद है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम उसके घर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी पिछले हिस्से की ओर भागने लगा। टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। कार्रवाई के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला जेल पठारी दाखिल किया गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।